भारत सरकार

योजना मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 4121

दिनांक 12.08.2026 को उत्तर देने के लिए

उत्तर प्रदेश के आकांक्षी जिले और ब्लॉक

4121. श्री नीरज मौर्य:
श्री बाबू सिंह कुशवाहा:
श्रीमती रूचि वीरा:
श्री देवेश शाक्य:

क्या **योजना** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान उत्तर प्रदेश के आकांक्षी जिलों और ब्लॉकों में विशेष रूप से बरेली, बदायूं, जौनपुर, एटा-कासगंज जिलों में, आकांक्षी जिला एवं ब्लॉक कार्यक्रम के तहत अवसंरचना, स्वास्थ्य, शिक्षा, पेयजल, पोषण एवं मॉडल सेवा केंद्रों जैसे विभिन्न क्षेत्रों के लिए स्वीकृत, आवंटित और उपयोग की गई निधि कितनी है तथा प्राप्त वास्तविक उपलब्धियों का जिला-वार, ब्लॉक-वार और योजना-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या यह सच है कि पोर्टल पर प्रगति की रिपोर्ट दर्ज किए जाने के बावजूद उत्तर प्रदेश के कई आकांक्षी जिलों, ब्लॉकों और ग्रामीण क्षेत्रों में, विशेषकर बरेली, बदायूं, जौनपुर, एटा-कासगंज जिलों में रखरखाव, तकनीकी कर्मियों, नियमित संचालन, बिजली इंटरनेट कनेक्टिविटी और अन्य उपकरणों की कमी के कारण डिजिटल कक्षाएं, मॉडल आंगनवाड़ी केंद्र और पेयजल परियोजनाएं पूरी क्षमता से कार्य नहीं कर रही हैं और यदि हां, तो उक्त परियोजनाओं की संख्या कितनी है और उन्हें पुन: पूर्ण रूप से कार्यशील बनाने के लिए सरकार द्वारा क्या सुधारात्मक कदम उठाए गए हैं;

(ग) उत्तर प्रदेश के आकांक्षी ब्लॉकों में, विशेष रूप से बरेली, बदायूं, जौनपुर, एटा-कासगंज जिलों में, व्यावसायिक कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रमों, स्वरोजगार तथा सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) के लिए निर्धारित लक्ष्यों की तुलना में वर्तमान स्थिति और प्राप्त वास्तविक उपलब्धियां क्या हैं और रोजगार प्राप्त करने वाले युवाओं की संख्या कितनी है; और

(घ) क्या सरकार का उत्तर प्रदेश के दूरस्थ क्षेत्रों में, विशेष रूप से बरेली, बदायूं, जौनपुर और एटा-कासगंज जिलों में, अंतिम व्यक्ति तक गुणवत्तापूर्ण सेवाओं, विशेषकर शिक्षा, स्वास्थ्य देखभाल और बुनियादी सुविधाएं प्रदान करने की निरंतर उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए एक नई कार्य योजना या निगरानी तंत्र लागू करने का विचार है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय;
राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) योजना मंत्रालय एवं
राज्यमंत्री, संस्कृति मंत्रालय

(राव इंद्रजीत सिंह)

(क) एवं (ग) – आकांक्षी जिला और आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम क्रमशः 49 और 40 मुख्य प्रदर्शन संकेतकों (केपीआई) के आधार पर 'चैंपियंस ऑफ चेंज' पोर्टल के माध्यम से आकांक्षी जिलों और आकांक्षी ब्लॉकों के प्रदर्शन की निगरानी करते हैं, जो एडीपी के लिए http://championsofchange.gov.in/site/coc-home/ और एबीपी के लिए https://abp.championsofchange.gov.in/ पर सार्वजनिक रूप से उपलब्ध है। त्रैमासिक डेल्टा रैंकिंग के आधार पर शीर्ष प्रदर्शन करने वाले जिलों और ब्लॉकों को पुरस्कार प्रणाली के माध्यम से प्रोत्साहित किया जाता है। उत्तर प्रदेश में पुरस्कार विजेता जिलों और ब्लॉकों को जारी की गई धनराशि और उनकी प्रगति का विवरण **अनुलग्नक । और ॥** पर देखा जा सकता है।

(ख) नीति आयोग द्वारा जिला स्तर और ब्लॉक स्तर की परियोजनाओं का कोई डेटा नहीं रखा जाता है।

(घ) सरकार लोगों के सामाजिक-आर्थिक कल्याण में सुधार लाने के लिए देशभर में कई योजनाओं और कार्यक्रमों को लागू कर रही है, जैसे राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम), आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना, सक्षम आंगनवाड़ी और मिशन पोषण 2.0, समग्र शिक्षा, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), जल जीवन मिशन, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना (पीएमजीकेएवाई) / राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम (एनएफएसए), आदि। प्रत्येक योजना के प्रदर्शन की निगरानी के लिए उसमें एक अंतर्निहित तंत्र मौजूद है।

अनुलग्नक ।

श्री नीरज मौर्य, श्री बाबू सिंह कुशवाहा, श्रीमती रूचि वीरा और श्री देवेश शाक्य द्वारा उत्तर प्रदेश के आकांक्षी जिले और ब्लॉक के संबंध दिनांक 12.08.2026 को पूछे गए लोकसभा अतारांकित प्रश्न संख्या 4121 के भाग (क) एवं (ग) के उत्तर में संदर्भित अनुलग्नक

वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान उत्तर प्रदेश के आकांक्षी जिलों और ब्लॉकों के लिए स्वीकृत और उपयोग की गई निधियों का विवरण :

एडीपी के तहत आकांक्षी जिलों को स्वीकृत और उनके द्वारा उपयोग की गई निधियां			
क्रम सं	**जिला**	**कुल स्वीकृत राशि (लाख रूपये में)**	**कुल उपयोग की गई राशि (लाख रूपये में)**
1	बहराइच	349.525	0
2	बलरामपुर	5	0
3	चंदौली	155	0
4	चित्रकूट	155	0
5	फतेहपुर	149	0
6	श्रावस्ती	5	0
7	सिद्धार्थनगर	257.5	224.53
8	सोनभद्र	5	0

एबीपी के तहत आकांक्षी ब्लॉकों को स्वीकृत और उनके द्वारा उपयोग की गई निधियां				
क्रम सं	**जिला**	**ब्लॉक**	**कुल स्वीकृत राशि (लाख रुपये में)**	**कुल उपयोग की गई राशि (लाख रुपये में)**
1	अलीगढ़	गंगीरी	15.30	0.00
2	अम्बेडकर नगर	भीटी	15.30	0.00
3	अम्बेडकर नगर	भियांव	5.30	0.00
4	अम्बेडकर नगर	टांडा	5.30	0.00
5	अमेठी	जगदीशपुर	55.30	0.00
6	अमेठी	जामो	15.30	0.00
7	अमेठी	शुकुल बाज़ार	5.30	0.00
8	बहराइच	हुज़ूरपुर	15.30	0.00
9	बलिया	बांसडीह	15.30	0.00
10	बलिया	चिलकहर	5.30	0.00

11	बलरामपुर	श्रीदत्तगंज	15.30	0.00
12	बांदा	बबेरू	71.70	0.00
13	बांदा	बिसंडा	5.30	0.00
14	बाराबंकी	निन्दौरा	5.30	0.00
15	बाराबंकी	पूरेदलई	89.95	0.00
16	बरेली	बहेड़ी	100.44	0.00
17	बरेली	दमखोदा	5.30	0.00
18	बरेली	फतेहगंज (पश्चिम)	5.30	0.00
19	बस्ती	हरैया	15.30	0.00
20	बस्ती	कुदरहा	84.30	0.00
21	बिजनौर	कोतवाली	15.30	0.00
22	बिजनौर	नजीबाबाद	102.88	0.00
23	बदायूँ	अम्बियापुर	5.30	0.00
24	बदायूँ	आसफपुर	15.30	0.00
25	चंदौली	चहनिया	15.30	0.00
26	चित्रकूट	रामनगर	34.99	0.00
27	देवरिया	गौरी बाज़ार	15.30	9.53
28	एटा	अवागढ़	15.30	0.00
29	एटा	जैथरा	5.30	0.00
30	फ़र्रुखाबाद	नवाबगंज	61.91	0.00
31	फ़र्रुखाबाद	राजेपुर	52.18	0.00
32	फतेहपुर	हथगाम	15.30	8.52
33	गाज़ीपुर	वराचकवार	5.30	0.00
34	गाज़ीपुर	विरनो	15.30	0.00
35	गोंडा	बभनजोत	5.30	0.00
36	गोंडा	पंडरी कृपाल	15.30	0.00
37	गोंडा	रुपईडीह	5.30	0.00
38	गोरखपुर	बांसगांव	15.30	0.00
39	गोरखपुर	ब्रह्मपुर	5.30	0.00
40	हरदोई	संडीला	90.30	0.00
41	जालौन	जालौन	5.30	0.00
42	जालौन	रामपुरा	15.30	0.00
43	जौनपुर	मछली शहर	15.30	0.00

44	जौनपुर	रामपुर	5.30	0.00
45	कासगंज	अमनपुर	15.30	0.00
46	कासगंज	गंजडुंडवारा	5.30	0.00
47	कौशाम्बी	कौशाम्बी	98.70	0.00
48	कौशाम्बी	मंझनपुर	5.30	0.00
49	खेरी	बांकेगंज	5.30	0.00
50	खेरी	धौरहरा	15.30	0.00
51	कुशीनगर	विशुनपुरा	15.30	0.00
52	ललितपुर	मडावरा	93.30	25.21
53	महाराजगंज	मिठौरा	175.41	11.78
54	महोबा	कबरई	52.50	0.00
55	मिर्ज़ापुर	हलिया	5.30	0.00
56	मिर्ज़ापुर	पटेहरा	15.30	3.88
57	पीलीभीत	पूरनपुर	15.30	0.00
58	प्रयागराज	बहरिया	180.30	0.00
59	प्रयागराज	कोरांव	177.30	5.67
60	रामपुर	सैदनगर	15.30	6.00
61	सम्भल	असमोली	15.30	0.00
62	सम्भल	गुन्नौर	5.30	0.00
63	श्रावस्ती	जमुनहा	165.30	10.00
64	सिद्धार्थनगर	खेसरहा	111.83	0.55
65	सीतापुर	बिसवां	15.30	0.00
66	सोनभद्र	चतरा	15.30	7.20
67	संत कबीर नगर	बघौली	15.30	0.00
68	संत रविदास नगर	औराई	15.30	2.60

अनुलग्नक II

श्री नीरज मौर्य, श्री बाबू सिंह कुशवाहा, श्रीमती रूचि वीरा और श्री देवेश शाक्य द्वारा उत्तर प्रदेश के आकांक्षी जिले और ब्लॉक के संबंध में दिनांक 12.08.2026 को पूछे गए लोकसभा अतारांकित प्रश्न संख्या 4121 के भाग (क) एवं (ग) के उत्तर में संदर्भित अनुलग्नक

एडीपी के तहत उत्तर प्रदेश के आकांक्षी जिलों के समग्र स्कोर पर आधारित प्रगति (स्थापना से अब तक):

क्रम सं	जिले का नाम	आधारभूत स्तर (जून 2018)	वर्तमान मार्च 2026	प्रतिशतता में सुधार
1	चित्रकूट	44.70	67.48	51%
2	फतेहपुर	41.00	65.62	60%
3	बहराइच	37.40	65.63	75%
4	श्रावस्ती	37.10	61.11	65%
5	बलरामपुर	36.00	58.37	62%
6	सिद्धार्थनगर	35.70	64.84	82%
7	चंदौली	42.40	66.42	57%
8	सोनभद्र	38.00	67.06	76%

एबीपी के तहत उत्तर प्रदेश के आकांक्षी ब्लाकों की समग्र स्कोर पर आधारित प्रगति (स्थापना से अब तक):

क्रम सं	जिले का नाम	ब्लॉक का नाम	आधारभूत स्तर (मार्च 2023)	वर्तमान (मार्च 2026)	प्रतिशतता में सुधार
1	अलीगढ़	गंगीरी	58.90	78.13	33%
2	अम्बेडकर नगर	भीटी	61.50	77.08	25%
3	अम्बेडकर नगर	भियांव	59.60	81.04	36%
4	अम्बेडकर नगर	टांडा	63.80	78.83	24%
5	अमेठी	जगदीशपुर	53.20	76.01	43%

6	अमेठी	जामो	58.60	80.86	38%
7	अमेठी	शुकुल बाज़ार	60.50	76.35	26%
8	बहराइच	हुज़ूरपुर	55.70	76.03	37%
9	बलिया	बांसडीह	46.60	75.43	62%
10	बलिया	चिलकहर	58.40	75.78	30%
11	बलरामपुर	श्रीदत्तगंज	53.00	78.36	48%
12	बांदा	बबेरू	57.90	74.75	29%
13	बांदा	बिसंडा	52.40	69.72	33%
14	बाराबंकी	निन्दौरा	56.60	78.47	39%
15	बाराबंकी	पूरेदलई	36.80	77.06	109%
16	बरेली	बहेड़ी	59.90	83.13	39%
17	बरेली	दमखोदा	58.80	79.57	35%
18	बरेली	फतेहगंज (पश्चिम)	60.90	82.68	36%
19	बस्ती	हरैया	56.80	78.33	38%
20	बस्ती	कुदरहा	57.80	76.62	33%
21	बिजनौर	कोतवाली	60.00	78.89	31%
22	बिजनौर	नजीबाबाद	60.40	77.11	28%
23	बदायूँ	अम्बियापुर	52.70	71.54	36%
24	बदायूँ	आसफपुर	50.40	74.09	47%
25	चंदौली	चहनिया	64.10	79.34	24%
26	चित्रकूट	रामनगर	63.90	75.03	17%
27	देवरिया	गौरी बाज़ार	59.00	80.07	36%
28	एटा	अवागढ़	60.00	75.83	26%
29	एटा	जैथरा	61.80	81.73	32%
30	फ़र्रुखाबाद	नवाबगंज	61.20	79.59	30%
31	फ़र्रुखाबाद	राजेपुर	52.50	76.54	46%
32	फतेहपुर	हथगाम	54.40	81.35	49%
33	गाज़ीपुर	वराचकवार	59.80	76.05	27%
34	गाज़ीपुर	विरनो	55.80	77.95	40%

35	गोंडा	बभनजोत	59.30	78.94	33%
36	गोंडा	पंडरी कृपाल	56.00	74.48	33%
37	गोंडा	रुपईडीह	50.60	78.14	55%
38	गोरखपुर	बांसगांव	59.90	80.72	35%
39	गोरखपुर	ब्रह्मपुर	56.00	80.21	43%
40	हरदोई	संडीला	52.80	76.98	46%
41	जालौन	जालौन	56.80	76.24	34%
42	जालौन	रामपुरा	59.00	80.33	36%
43	जौनपुर	मछली शहर	63.90	81.24	27%
44	जौनपुर	रामपुर	62.40	76.77	23%
45	कासगंज	अमांपुर	59.80	76.11	27%
46	कासगंज	गंजडुंडवारा	63.30	72.05	14%
47	कौशाम्बी	कौशाम्बी	56.10	81.07	45%
48	कौशाम्बी	मंझनपुर	58.20	82.75	42%
49	खेरी	बांकेगंज	61.40	79.44	29%
50	खेरी	धौरहरा	51.80	74.20	43%
51	कुशीनगर	विशुनपुरा	55.20	79.18	43%
52	ललितपुर	मडावरा	54.50	76.77	41%
53	महाराजगंज	मिठौरा	52.40	75.64	44%
54	महोबा	कबरई	60.70	76.28	26%
55	मिर्ज़ापुर	हलिया	53.00	74.82	41%
56	मिर्ज़ापुर	पटेहरा	55.00	75.84	38%
57	पीलीभीत	पूरनपुर	57.40	73.78	29%
58	प्रयागराज	बहरिया	58.90	82.58	40%
59	प्रयागराज	कोरांव	56.60	73.73	30%
60	रामपुर	सैदनगर	57.70	78.61	36%
61	सम्भल	असमोली	59.70	79.65	33%
62	सम्भल	गुन्नौर	52.30	72.34	38%
63	श्रावस्ती	जमुनहा	49.60	73.00	47%
64	सिद्धार्थ नगर	खेसरहा	50.40	77.15	53%

65	सीतापुर	बिसवां	52.60	72.10	37%
66	सोनभद्र	चतरा	61.50	77.56	26%
67	संत कबीर नगर	बघौली	54.80	76.94	40%
68	संत रविदास नगर	औराई	56.90	78.98	39%

*****